भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 31.10.2022

आरेडिका में सरदार पटेल के जन्म दिवस पर" रन फोर यूनिटी" का आयोजन

गत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकीकरण के शिल्पकार सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती को "राष्ट्रीय एकता दिवस" के रूप में पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है ।

इस वर्ष रेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों का अनुपालन करते हुए राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली के आवासीय परिसर में एम.सी. एफ. की कार्मिक शाखा के नेतृत्व में खेल कूद संघ के द्वारा रन फॉर यूनिटी, दौड़ का आयोजन किया गया, जिसमें आरेडिका के महाप्रबंधक, अधिकारियों, कर्मचारियों रेलवे सुरक्षा बल एवं उ.प्र. पूर्व सैनिक कल्याण निगम लिमिटेड के जवानों, बच्चों एवं महिलाओं , ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और साथ ही साथ एकता, अखंडता और सुरक्षा की भावना बढ़ाने हेतु शपथ ग्रहण की।

आरेडिका के विभिन्न शॉपों में उपविभागाध्यक्षों के नेतृत्व में सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने राष्ट्र की एकता एवं अखण्डता की शपथ ली।

रेलवे सुरक्षा बल एवं उ.प्र. पूर्व सैनिक कल्याण निगम लिमिटेड के द्वारा एकता, अखंडता और सुरक्षा की भावना को मजबूती प्रदान करने हेतु मार्च-पास्ट का आयोजन किया गया।

भारतीय इतिहास में सरदार पटेल जी के योगदान के बारे में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आरेडिका में सरदार वल्लभ भाई पटेल पर आधारित वीडियो क्लिप , बैनर, पोस्टर, आदि को डिजिटल माध्यम के द्वारा प्रदर्शित किया गया ताकि देश की युवा पीढ़ी को राष्ट्र की एकता एवं अखंडता को अक्षुण्ण बनाये रखने का संदेश पहुंचाया जा सके जिससे वे आगे चलकर देश में राष्ट्रीय एकता के महत्व को समझ सकें।

आरेडिका में सर्तकता जागरूकता सप्ताह की शुरूआत

आरेडिका में 31 अक्टूबर से 6 नम्बर 2022 तक सर्तकता जागरुकता सप्ताह की शुरूआत की गयी जिसके तहतः महाप्रबंधक सभागार में उच्च अधिकारियों के द्वारा और विभिन्न कार्य स्थलों पर कर्मचारियों एवं अन्य अधिकारियों ने भ्रष्टाचार उन्मूलन हेतु सत्यनिष्ठा, ईमानदारी और पारदर्शिता की शपथ ली गयी।

31/10/2022

(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जन संपर्क अधिकारी